## खबर संक्षेप

### जन्मजात मोतियाबिंद की सर्जरी हेतु 11 बच्चे चिन्हित

**मण्डला।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. के.सी. सरोते ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय मंडला में जन्मजात मोतियाबिंद की सर्जरी हेतु 19 मई को शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 11 बच्चों को सर्जरी के लिए चिन्हित किया गया है। सभी चिन्हित बच्चों को वार्ड नंबर 52 में एडमिट कर लिया गया है, जिनका ऑपरेशन डॉक्टर तरुण अहिरवार नेत्र रोग विशेषज्ञ के द्वारा किया जाएगा। इस शिविर में डॉ. विजय सिंह धुर्वे सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय मंडला, डॉक्टर तरुण अहिरवार नेत्र रोग विशेषज्ञ, अजय सैयाम उप प्रबंधक, अर्जुन सिंह आरबीएसके प्रबंधक, संजय भोयर, आरबीएसके डॉक्टर एवं आरबीएसके एएनएम के साथ आई ओपीडी/ओटी के स्टॉफ उपस्थित रहे।

### रोजगार, स्वरोजगार अप्रेंटिसशिप (युवा संगम) मेला नगरपालिका टाऊनहॉल में आज

**मण्डला।** नगरपालिका टाउनहाल मंडला में 20 मई 2025 को प्रातः 11 बजे से रोजगार, स्वरोजगार अप्रेंटिसशिप मेला युवा संगम मेला का आयोजन जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, आईटीआई एवं जिला रोजगार कार्यालय मंडला द्वारा किया जायेगा। मेले में देश की प्रतिष्ठित कम्पनियों एमआरएफ, धूत, अपोलो टायर, डिक्सान, फ्लिपकार्ट आदि कंपनियों के लिए आमधन-ई द्वारा प्लेसमेंट दिया जायेगा। स्थानीय कम्पनियों द्वारा जिले के बेरोजगार युवक-युवतिओं को रोजगार के अवसर दिये जायेंगे। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा स्वरोजगार के अवसर भी दिये जायेंगे। इस मेले में 10वी, 12वी, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक उत्तीर्ण सभी जिनकी उम्र 18 से 28 अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकते हैं।

### मनोविज्ञान विशेषज्ञ, संकेत भाषा विशेषज्ञ, विशेष शिक्षक एवं दुभाषियों/अनुवादक की सेवाएं अपेक्षित

**मण्डला।** किशोर न्याय अधिनियम में दिये गये प्रावधानों के तहत विधि विरूद्ध कार्यों में लिप्त एवं देखरेख एवं संरक्षण के जरूरतमंद बच्चों को अवसाद की स्थिति से निकलने में सहायता किये जाने एवं उसके द्वारा अपराध में लिप्त होने के कारणों की स्थिति का निर्धारण तथा सामाजिक आर्थिक पुनर्वास के लिए यदि बाल मनोविज्ञान विशेषज्ञ, संकेत भाषा विशेषज्ञ, विशेष शिक्षक एवं दुभाषियों/अनुवादक का पैनल बनाये जाकर विशेषज्ञों का पैनल तैयार किया जाना है। मण्डला जिले में यदि कोई व्यक्ति मनोविज्ञान विशेषज्ञ, संकेत भाषा विशेषज्ञ, विशेष शिक्षक एवं दुभाषियों / अनुवादक के जानकार हैं, तो कार्यालय में उनकी सेवाएं अपेक्षित हैं। जानकारी के लिए कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला पंचायत परिसर, प्रथम तल, जिला 07642-253056 में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संपर्क कर सकते हैं।

## राजस्व अधिकारियों को कलेक्टर के निर्देश

# सीमांकन, बंटवारा तथा नामांतरण को दें प्राथमिकता

*** अतिक्रमण हटाने भी करें आवश्यक कार्यवाही।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिला योजना भवन में राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि सीमांकन, बंटवारा तथा नामांतरण के प्रकरणों को प्राथमिकता से लें। यह तीनों बिन्दु सीएम डैशबोर्ड के महत्वपूर्ण घटक हैं, इनमें लम्बित प्रकरणों के कारण जिले की रैंकिंग प्रभावित होती है। बैठक में तहसीलवार प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आबादी भूमि, नजूल अभिलेख अपडेशन, आरसीएमएस पोर्टल, भू-राजस्व वसूली, नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, अभिलेख दुरूस्ती, नजूल प्रकरण, डायवर्सन, ब्रिस्क वसूली, आरआरसी, पीएम किसान ई-केवाईसी, सेल्फ रजिस्ट्रेशन, फार्मर रजिस्ट्री, स्वामित्व योजना, जल गंगा संवर्धन अभियान, अमृत सरोवर, खंडहर भवनों के ध्वस्तीकरण, उच्च न्यायालय की अवमानना प्रकरण सहित अन्य विषयों पर आवश्यक निर्देश दिये। अतिक्रमण के विषय में समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि हाईवे से लगे कस्बों में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही आवश्यक रूप से कराएं। तहसीलदार बीजाडांडी को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि जबलपुर हाईवे में स्थित बीजाडांडी तथा उदयपुर कस्बे में रोड के दोनों ओर तथा डिवाईडर पर रेहड़ी लगाने से यातायात प्रभावित होता है, इसलिए संबंधित कस्बों में आवश्यक रूप से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करें। बैठक में अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, अपर कलेक्टर श्री जेपी यादव, संयुक्त कलेक्टर श्री सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम तथा जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



### शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण पर फोकस करें -कलेक्टर

जिला योजना भवन में समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिला अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण पर फोकस करें। जिले की रैंकिंग जारी होने में केवल एक दिन का समय शेष है इसलिए आज सभी विभाग प्रमुख अधिक से अधिक संख्या में शिकायतों का निराकरण कराना सुनिश्चित करें। सीएम डैशबोर्ड के विषय में चर्चा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि डैशबोर्ड के सभी बिन्दुओं को ध्यान से पढ़ते हुए संबंधित विषयों के लम्बित प्रकरणों के निराकरण पर फोकस करें, जिससे विभागीय स्कोर बढ़ाते हुए सीएम डैशबोर्ड में जिले की रैंकिंग बेहतर बनाई जा सके। उन्होंने श्रम विभाग, पीएचई, ई-गवर्नेंस, पशुपालन विभाग को सीएम डैशबोर्ड के विषय में विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया। जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि खेत तालाब एवं डगवेल का काम शतप्रतिशत किया जाना था, उन्होंने कम प्रगति के लिए बीजाडांडी, घुघरी, मवई, नारायणगंज तथा निवास जनपद पंचायतों को निर्देशित करते हुए कहा कि इस कार्य में शतप्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करें। रबी उपार्जन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि परिवहन का कार्य शीघ्र पूर्ण करें, स्वीकृति तथा भुगतान समय पर सुनिश्चित कराएं। समाधान ऑनलाईन के विषय में कलेक्टर ने कहा कि एट्रीब्यूट्स के बिन्दुओं के आधार पर प्रत्येक प्रकरण का फॉलोअप करें। इसी प्रकार उच्च न्यायालय के अवमानना तथा रिट पिटीशन के प्रकरणों पर भी विशेष ध्यान दें।

### विद्युत दुर्घटना में मृतक कर्मचारी के परिवार को दें मुआवजा

कलेक्टर ने मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मंडला डिविजन कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया कि पिछले दिनों नैनपुर विकासखंड में विद्युत लाईन में हुई दुर्घटना के दौरान मृत कर्मचारी के परिवार को तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने कहा कि विभागीय मुआवजा राशि तथा कंपनी की ओर से दी जाने वाली सहायता राशि के चैक जिला अथवा अनुविभागीय मुख्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों के हस्ते दिलाया जाये। उन्होंने कहा कि इसकी समस्त प्रक्रिया अगले 4 दिवस में पूर्ण कराएं। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, अपर कलेक्टर जेपी यादव, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम तथा जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्व. अनिल माधव दवे जी की पुण्यतिथि पर कूम्हा घाट, नारायणगंज में वृहत वृक्षारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नर्मदा समग्र के संस्थापक, पर्यावरण पुरोधा स्वर्गीय अनिल माधव दवे जी की अष्टमी पुण्यतिथि के अवसर पर नर्मदा समग्र एवं जन अभियान परिषद के कार्यकर्ताओं एवं नदी अनुरागियों द्वारा आज का दिन 'संकल्प दिवस' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कूम्हाघाट में नर्मदा समग्र घाट टोली, जनअभियान परिषद कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा घाट स्वच्छता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य अनिल जी के पर्यावरण संरक्षण के मूल मंत्र को स्मरण करते हुए उसे व्यवहार में उतारना था। उन्होंने अपनी अंतिम इच्छा में कहा था, "जो मेरी स्मृति में कुछ करना चाहते हैं, वे कृपया वृक्षों को बोएं, उन्हें संरक्षित कर बड़ा करें, तो मुझे आनंद होगा। नदी-जलाशयों के संरक्षण में भी सामर्थ्यानुसार प्रयत्न करें, किंतु मेरे नाम के प्रयोग से बचें।"

इस प्रेरणादायी विचार को आत्मसात करते हुए नर्मदा समग्र के कार्यकर्ता निरंतर जल एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु कार्यरत हैं।

आज के आयोजन में अनिल मेहरा विकासखंड समन्वयक राकेश अग्रवाल वीरेंद्र अग्रवाल सुरेश सोनी कृष्ण कुमार झारिया चंद्रकला पटेल मुलाराम बर्मन अंजलि बर्मन सुमित हटाले रोहित चक्रवर्ती सहित घाट टोली के कार्यकर्ताओ, विद्यार्थी ने सहभागिता की और माँ नर्मदा को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

स्वच्छता अभियान के साथ-साथ जल संरक्षण, वृक्षारोपण एवं जन-जागरण हेतु जागरूकता का संकल्प लिया गया।

### तिरंगा शौर्य यात्रा का आयोजन भुआ बिछिया में 22 मई को



**भुआबिछिया।** तिरंगा शौर्य यात्रा का आयोजन भुआ बिछिया में 22 मई को निकालीं जाएगी। पहलगाम में पाकिस्तानी आंतकियों द्वारा किए गए नरसंहार के बाद देश की सेना के पराक्रम से आपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान सरकार और आतंकियों को मूंह तोड़ जबाब दिया है। सैनिकों के सम्मान में तिरंगा शौर्य यात्रा निकाली जा रही है। सोमवार को विनोद रंगमंच में सम्पन्न बैठक में निर्णय लिया गया है, यात्रा का शुभारंभ 22 मई गुरुवार शाम 4 बजे रामलीला मैदान से सांई तिराहा, जनपद कार्यालय से माध्यमिक शाला, बाजार क्षैत्र होते हुए यात्रा का समापन रामलीला मैदान किया जाएगा। बैठक में सभी वर्ग, राजनैतिक पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।


## विभागीय समन्वय से तैयार कराएं बिजनेस प्लान-सीईओ जिला पंचायत, एपीसी की बैठक में निर्देश




**मण्डला।** कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट की अध्यक्षता में कृषि और कृषि से जुड़े हुए अन्य विभागों की एपीसी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहकारिता, पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, आत्मा परियोजना तथा कृषि विभाग के जिला अधिकारियों ने विभागवार प्रस्तुतिकरण किए। सीईओ जिला पंचायत ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी एलाईड डिपार्टमेंट विभागीय समन्वय से बिजनेस प्लान तैयार कराएं, जिससे जिले के कृषकों को बेहतर अवसर मिल सके। बैठक में पैक्स कम्प्यूटराईजेशन, खरीफ सीजन का फसल ऋण वितरण, ऋण वसूली, खाद्य प्रसंस्करण, मार्केटिंग, पीएम एफएमई योजना, मुनगा पौधारोपण की तैयारी, यूरिया, एसएसपी, एनपीके, डीएपी की उपलब्धता एवं भंडारण, मृदा परीक्षण, कस्टम हायरिंग, नरवाई प्रबंधन, हेप्पीसीडर, सुपरसीडर की उपलब्धता, डेयरी केसीसी, बकरी पालन, कामधेनू योजना, कुक्कुट पालन, फिश पार्लर आदि विषयों पर समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये गये। उपसंचालक पशुपालन को निर्देशित करते हुए सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि कुक्कुट पालन के लिए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ मिलकर बिछिया विकासखंड के मोचा से लगे हुए ग्रामों में कार्ययोजना तैयार करें। आजीविका मिशन द्वारा उस क्षेत्र में कुक्कुट पालन के लिए कार्ययोजना तैयार की जा रही है। पशुपालन विभाग मिशन के साथ बेहतर समन्वय करते हुए बेकयार्ड पोल्ट्री के लिए अच्छा प्लान तैयार कर सकते हैं। बैठक में उपसंचालक कृषि मधु अली, उपसंचालक पशुपालन श्री उग्रसेन तिवारी, संचालक आत्मा परियोजना श्री आरडी जाटव, सहायक संचालक उद्यान विभाग श्री मरावी सहित संबंधित उपस्थित थे।

## सिद्ध बाबा टेकरी लिंगापौंड़ी में भण्डारे का आयोजन





**मण्डला।** श्री सिद्धनाथ महाराज टाटिया बापू की पुण्यतिथि के अवसर पर कल 19 मई 2025 को लिंगापौंड़ी स्थित सिद्धनाथ टेकरी में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया इस अवसर पर प्रातः टेकरी में स्थित नर्मदा मंदिर में माँ नर्मदा की पूजन अर्चना की गई इसके साथ ही सिद्धनाथ महाराज की भी आरती उतारी गई और तत्पश्चात कन्या भोजन कराया गया। कन्या भोजन के उपरांत सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया इस अवसर पर बड़ी संख्या में मण्डला नगर एवं आसपास के संतगण भी उपस्थित हुये इन संतों के साथ नर्मदा भक्त एवं श्री सिद्धनाथ महाराज टाटिया बापू के अनुयायी भी उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि श्री सिद्धनाथ महाराज को गुजरात में टाटिया बापू के नाम से ही जाना जाता है जब इन्होंने नर्मदा परिक्रमा की तो उस दौरान इसी टेकरी पर इनका रूकना हुआ था और फिर उन्होंने नर्मदा परिक्रमा पूर्ण करने के पश्चात इस टेकरी को अपनी साधना स्थली बना लिया। उस दौरान इस टेकरी पर विरान जंगल हुआ करता था शेर जैसे हिंसक जानवर भी इस टेकरी पर विचरण करते थे ऐसे में श्री सिद्धनाथ महाराज की साधना को देखते हुये यहां के लोगों ने उन्हें महान संत माना और उनके भक्त हो गये जबकि गुजरात में तो उन्हें लोग पहले से ही पूजते थे यही कारण है कि सिद्धनाथ महाराज की पुण्यतिथि पर उनकी इस साधना स्थली पर स्थानीय लोगों के साथ-साथ गुजरात से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन आते हैं।

**अभियान** | **श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को किया जाएगा पुरस्कृत।**

# जल गंगा संवर्धन अभियान में मिलेगा पुरस्कार

*** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने जारी किए आदेश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला






जल गंगा संवर्धन अभियान में श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, कर्मियों को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। पुरस्कार दो श्रेणी में प्रदान किये जायेंगे। इस संबंध में म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद के आयुक्त अवि प्रसाद ने बताया कि एक पुरस्कार जल गंगा संवर्धन अभियान में समग्र रूप से उत्कष्ट कार्य पर और दूसरा मनरेगा अन्तर्गत खेत-तालाब निर्माण में श्रेष्ठ कार्य करने पर दिया जाएगा। अभियान में समग्र रूप से श्रेष्ठ कार्य करने पर पुरस्कार प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी में दिया जाएगा। विभाग द्वारा प्रदेश के सभी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को निर्देश पत्र भी जारी कर दिए गए हैं। अभियान में समग्र रूप से श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिले के कलेक्टर को क्रमशः 1 लाख 50 हजार रुपये, 1 लाख 25 लाख रुपये और 1 लाख रुपये की पुरस्कार राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। इसी प्रकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) जिला पंचायत को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार क्रमशरू 1 लाख, 75 हजार और 50 हजार रुपये पुरस्कार स्वरूप राशि प्रदान की जाएगी। जबकि, जिले के अमले के लिए क्रमशरू 6 लाख, 4 लाख 50 हजार और 3 लाख रुपये की पुरस्कार स्वरूप राशि प्रदान की जाएगी।

जिले के अधिकारियों-कर्मचारियों को पुरस्कार देने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय समिति द्वारा चयन किया जाएगा। इसके साथ ही यदि अभियान के अंतर्गत श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिला, जनपद, पंचायत में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों, कर्मियों का स्थानांतरण हो जाता है तो उन्हें पदस्थापना की कार्य अवधि के समानुपात में पुरस्कार की राशि प्रदान की जाएगी। जिन नवगठित जिलों में जिला पंचायत गठित नहीं है उन जिलों के कलेक्टरों को संयुक्त रूप से उनकी जनपदों के प्रदर्शन के आधार पर समानुपातिक रूप से पुरस्कार दी जाएगी।

जल गंगा संवर्धन अभियान की अवधि पूर्ण होने पर मनरेगा डेशबोर्ड/पोर्टल/जेजीएसए डैशबोर्ड पर निर्धारित मापदंडों के अनुसार जिला, जनपद और ग्राम पंचायतों की रैंक के आधार पर उपरोक्त श्रेणियों का चयन किया जाएगा। इसका सत्यापन राज्य स्तर पर किया जाएगा।

जल गंगा संवर्धन अभियान में खेत-तालाब के निर्माण में उत्कृष्ट कार्य वाले जिले व विकासखंड को पुरस्कृत किया जाएगा। यह पुरस्कार दो श्रेणियों में दिया जाएगा। जिला स्तरीय पुरस्कार के लिए 'ए' व 'बी' दो श्रेणी होगी। 'ए' श्रेणी में 4 या उससे कम जनपदों को शामिल किया जाएगा। है। इसी तरह से बी श्रेणी में 5 या उससे अधिक जनपदों को शामिल किया जाएगा। विकासखंड स्तरीय पुरस्कार के लिए भी ए व बी श्रेणी निर्धारित की गई। ए श्रेणी में 70 या उससे कम ग्राम पंचायतों वाली जनपद पंचायतों को शामिल किया गया, जबकि बी श्रेणी के लिए 71 या उससे अधिक ग्राम पंचायत वाली जनपदों को शामिल किया गया है। पूरे प्रदेश में जिला स्तर व विकासखंड स्तर की दोनों श्रेणियों के लिए 1-1 पुरस्कार दिया जाएगा। जिला स्तरीय पुरस्कार ए व बी श्रेणी में आने वाले कलेक्टर को 1 लाख रुपये, मुख्य कार्यपालन अधिकारी को 75 हजार रुपये, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को 50 हजार रुपये और जिले के अमले के लिए 2 लाख 75 हजार रुपये की राशि पुरस्कार के तौर पर दी जाएगी। विकासखंड स्तर पर भी 'ए' व 'बी' श्रेणी में आने वाले जनपद पंचायत सीईओ को 50 हजार रुपये, सहायक यंत्री जनपद पंचायत को 30 हजार रुपये और जनपद अमले को 1 लाख 20 हजार रुपये की राशि पुरस्कार के रूप में प्रदान की जाएगी।

## 01 नग गाय एवं 15 नग भैस की चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

थाना बिछिया में दिनांक 18.05.2025 को थाना बिछिया क्षेत्र अंतर्गत कृषक ग्राम धनगांव निवासी ने सूचना दी गई कि उनके व अन्य किशानों की 16 नग जिसमें गाय व भैंस को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा तालाब के पास से चोरी कर लिया गया है। सूचना पर तत्काल बिछिया पुलिस एवं स्थानीय लोगो के सहयोग से मवेशी व आरोपियों की तलाश पतासाजी की गई। जिनकी तलाश के दौरान ग्राम हर्राभाट खेत पर आरोपी अशोक कुमार उर्फ लुडी पिता पन्नू साहू, उपेंद्र साहू पिता प्रमोद साहू ,अमित साहू पिता भूपेंद्र साहू सभी निवासी ग्राम चौरंगा थाना बिछिया के कब्जे से चोरी गई मवेशियों को जप्त किया जाकर किसानो को उनके चोरी किये गये गाय एवं भैस उनको वापस किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना बिछिया में अपराध क्रमांक 191/2025 धारा 303( 2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है, कार्यवाही में थाना प्रभारी बिछिया धर्मेंद्र सिंह धुर्वे, सहायक उप नि. सुरेश विजयवार, उमेलाल झुलेश्वर, उपेंद्र यादव, आरक्षक अरविंद बर्मन हेमंत शिव, संजय कटरे, गजरू उद्दे का शामिल रहें।

# डिंडौरी नगर परिषद को नगर पालिका बनाने की दिशा में बड़ा कदम, ग्राम पंचायतों के शामिल होने की तैयारी तेज

। जिले में शहरी विकास की नई इबारत लिखी जाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। लंबे समय से नगर पालिका का सपना देख रहे डिंडौरी नगरवासियों के लिए राहत की खबर है।

हरिभूमि न्यूज, डिंडौरी




डिंडौरी नगर परिषद को नगर पालिका परिषद का दर्जा दिलाने की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच रही है। हाल ही में जिले की प्रभारी मंत्री प्रतिमा बागरी ने इसकी आधिकारिक घोषणा की, जिससे इस विषय को लेकर प्रशासनिक और जन स्तर पर हलचल तेज हो गई है।

### समीक्षा बैठक में शामिल ग्राम पंचायतें

घानाघाट, कनईसांगवा, दंड बिछिया, सरहरी, सिमरिया, कूड़ा, धनुआसागर, चटूवा, खीरसारी, इमलई, रयपूरा, दंडविदयपुर, पड़रिया माल, देवरीमाल, धुर्रा माल, उडरी माल, औराई, शुबखार, धमनगांव, हिनौता, देवरा, बिजोरा और विदयपुर। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डिंडोरी ने सोमवार को 3 बजे सभी पंचायतों के सचिवों को निर्धारित समय पर सभा कक्ष में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### पंचायतों से मांगी गई सहमति

प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित पंचायतों के सचिवों से ग्राम पंचायत की जनसंख्या, कर्मचारियों की संख्या एवं अन्य प्रशासनिक जानकारी मांगी गई है। इसके साथ ही नगर पालिका बनाए जाने के संबंध में ग्राम सभाओं से सहमति प्रस्ताव भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डिंडोरी ने 23 पंचायत सचिवों को समय पर बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश जारी किए हैं।

### 23 ग्राम पंचायतें होंगी शामिल

प्रस्ताव के अनुसार, नगर परिषद डिंडौरी की सीमा से सटे कुल 23 ग्राम पंचायतों को नगर पालिका क्षेत्र में शामिल करने की योजना बनाई गई है। यह प्रस्ताव न सिर्फ डिंडौरी शहर के विस्तार को दर्शाता है, बल्कि आसपास के ग्रामीण अंचलों के भविष्य को भी प्रभावित करेगा। ग्राम पंचायतों के नगर क्षेत्र में शामिल होने से उनका प्रशासनिक ढांचा बदलेगा और विकास योजनाओं का स्वरूप पूरी तरह शहरी होगा।

### गांवों में मचा चर्चा का दौर

जैसे ही यह खबर आमजन तक पहुंची, वैसे ही शामिल की जा रही ग्राम पंचायतों में चर्चा का माहौल बन गया। ग्रामवासियों के बीच यह मुद्दा चर्चा का केंद्र बन चुका है कि इस बदलाव से लाभ अधिक होंगे या नुकसान। एक वर्ग का मानना है कि नगर पालिका क्षेत्र में आने से सड़क, सीवरेज, नलजल योजना, बिजली, कचरा प्रबंधन और स्वच्छता जैसी सुविधाएं तेज़ी से विकसित होंगी। वहीं, दूसरे वर्ग को आशंका है कि संपत्ति कर, वाणिज्यिक टैक्स, और शहरी नियमों के कारण उनकी आर्थिक स्थिति पर प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही उन्हें डर है कि इससे मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, और अन्य ग्रामीण योजनाएं बंद हो जाएंगी, जिससे गरीब, किसान और मजदूर वर्ग प्रभावित हो सकता है।

### प्रशासनिक हलचल तेज, प्रस्ताव पर चल रहा मंथन

इस प्रक्रिया को मूर्त रूप देने के लिए डिंडौरी जनपद पंचायत के सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें राजस्व विभाग, पंचायत विभाग और नगर परिषद के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में प्रस्तावित नगर पालिका क्षेत्र की सीमाएं, जनसंख्या, भौगोलिक क्षेत्रफल, और संस्थागत ढांचे पर गहन विचार-विमर्श किया गया। प्रस्ताव को अंतिम रूप देने से पहले जनसुनवाइयों और पंचायत-स्तरीय बैठकों का आयोजन करने की योजना है, ताकि ग्रामीणों की राय भी प्रस्ताव में सम्मिलित की जा सके।

### नगर पालिका का दर्जा मिलते ही बदलेगा विकास का परिदृश्य

डिंडौरी नगर परिषद को नगर पालिका का दर्जा मिलने से यहां शहरी विकास योजनाएं, जैसे कि अमृत योजना, स्वच्छ भारत मिशन शहरी, स्मार्ट स्ट्रीट लाइट, और आवास योजना शहरी जैसे प्रोजेक्ट लागू होंगे। इससे न सिर्फ नगर क्षेत्र की सूरत बदलेगी, बल्कि आसपास के गांवों को भी नई पहचान और सुविधाएं मिलेंगी।

### सबकी निगाहें कलेक्टर के प्रस्ताव पर टिकी

अब इस पूरी प्रक्रिया का अगला महत्वपूर्ण पड़ाव कलेक्टर द्वारा शासन को भेजा जाने वाला प्रस्ताव है, जो इस ऐतिहासिक बदलाव की दिशा और दशा तय करेगा। यदि प्रस्ताव को स्वीकृति मिलती है तो डिंडौरी को न सिर्फ नगर पालिका का दर्जा मिलेगा, बल्कि यह जिले के तेज गति से उभरते शहरी केंद्र के रूप में स्थापित होगा। जिले के लिए यह कदम सिर्फ प्रशासनिक बदलाव नहीं, बल्कि एक सामाजिक, आर्थिक और भौगोलिक बदलाव की शुरुआत हो सकता है, जो आने वाले वर्षों में इस अंचल की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल देगा।

## खबर संक्षेप

### अवैध उत्खनन मामले में कलेक्टर ने दिए एफआईआर के निर्देश

**डिंडौरी।** कलेक्टर नेहा मारव्या ने अवैध उत्खनन के एक मामले में सख्त रुख अपनाते हुए ग्राम पाकरबघर्रा निवासी संतरा बाई पति नरबद के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, संतरा बाई द्वारा तालाब निर्माण की अनुमति लेकर उसके आड़ में अवैध उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा था। मामले की जानकारी मिलने पर कलेक्टर ने गंभीरता से संज्ञान लिया और संबंधित विभागों को जांच के आदेश दिए।जांच में तथ्य सामने आने के बाद कलेक्टर मारव्या ने संतरा बाई के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही खनिज विभाग को आदेशित किया गया है कि अवैध भंडारण के खिलाफ निरस्तरीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रशासन की इस सख्ती से क्षेत्र में अवैध उत्खनन के मामलों पर अंकुश लगने की संभावना है।

### जिला मुख्यालय को जल्द मिलेगा पत्रकार भवन

**अनूपपुर।** 17 मई को जमुना-कोतमा क्षेत्रीय पत्रकार संघ द्वारा बंकिम बिहार सभागार जमुना में महर्षि नारद जयंती के परिपेक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने मुख्य अतिथि के आसंदी से संबोधित करते हुये कहा कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में पत्रकारिता को चौथा स्थान प्राप्त है देश की आजादी के समय लोकतंत्र को स्थापित करने में पत्रकारिता ने बड़ी भूमिका अदा की है। महर्षि नारद तीनो लोको पृथ्वी, स्वर्ग व पाताल लोक में मानव कल्याण के लिए संदेश पहुंचाने तथा समन्वय करने में बड़ी भूमिका का निर्वाहन किया है। मंचीय उद्बोधन मे श्री जायसवाल ने कहा कि जनकल्याण के लिए सार्थक पत्रकारिता सशक्त पत्रकारिता मानी जाती है। मानव कल्याण के लिए कलम की ताकत का महत्व होता है, उन्होंने कहा कि कलम की ताकत से आजादी मिलने में आसानी हुई। उन्होने इस अवसर पर समसामयिक घटनाक्रम के संबंध में भी विचार रखे। उन्होंने हाल ही में भारतीय सेना की तीनों टुकड़ियों द्वारा किए गए शौर्य पराक्रम की सराहना की तथा संपूर्ण घटनाक्रम को इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित- प्रसारित करने के लिए पत्रकारों का आभार जताया। सभागार हेतु किसी भी मद से पत्रकार भवन बनाये जाने हेतु प्रयास किये जाने की बात कही गई।



# गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का पुलिस के खिलाफ जंगी प्रदर्शन

**मेंहदवानी पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन**

**डिंडौरी ।** मेंहदवानी थाना क्षेत्र के सरसडोली गांव में आदिवासी युवक सनी मरावी के साथ हुई मारपीट के मामले में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने सोमवार को जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी ने आरोप लगाया कि मुख्य आरोपी और उसके साथियों को छोड़कर पुलिस ने चार निर्दोष आदिवासी युवकों को झूठा फंसा दिया है।प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष इंजी. कमलेश तेकाम ने थाना प्रभारी को तत्काल हटाने, मामले की निष्पक्ष पुनः जांच कराने तथा दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। विरोध प्रदर्शन के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने दुर्गा मंदिर से बाजार चौक तक रैली निकाली और नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि प्रशासन द्वारा मामले में शीघ्र न्यायसंगत कार्रवाई नहीं की गई, तो पार्टी जिला स्तर पर बड़े आंदोलन, विरोध और धरना प्रदर्शन करेगी।प्रदर्शन में राष्ट्रीय महासचिव अमान सिंह पोर्ते, राजाबली मरावी, हरि मरावी, जिला अध्यक्ष रामप्रसाद मरावी समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पार्टी नेताओं ने दोहराया कि आदिवासियों के साथ अन्याय किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी इस लड़ाई को निर्णायक मोड़ तक पहुंचाएगी।

**कलेक्टर ने दी कड़ी चेतावनी, विकास कार्यों में अब नहीं चलेगा कोई विलंब**

# समय-सीमा बैठक में विकास योजनाओं की सख्त समीक्षा





### अवैध खनन और निर्माण पर सख्त कार्रवाई के आदेश

हरिभूमि न्यूज, डिंडौरी

कलेक्टर की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टर सभागार में महत्वपूर्ण समय-सीमा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में डीएफओ पुनीत सोनकर, सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, एसडीएम शहपुरा एश्वर्य वर्मा, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।
कलेक्टर ने ग्रामीण विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों को तीन दिन के भीतर अभियान से जुड़ी सभी गतिविधियों को पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए। जल संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए कहा कि इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।राजस्व विभाग के नजूल अधिकारियों को लंबित राजस्व वसूली शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश देते हुए कलेक्टर ने चेतावनी दी कि यदि वसूली नहीं हुई तो वेतन रोकने की कार्रवाई की जाएगी। डिंडौरी तहसीलदार को अवैध निर्माणों की पहचान कर अवैध पट्टों को निरस्त करने तथा अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए गए।
अवैध खनन एवं परिवहन को रोकने के लिए सभी तहसीलदारों को सख्त निर्देश दिये गए हैं। खनिज विभाग को एक सप्ताह के भीतर रेत ठेकेदार के.पी. भदौरिया से बकाया राशि वसूलने का आदेश भी दिया गया। स्वास्थ्य एवं खाद्य विभाग को खाद्य सामग्री की गुणवत्ता व सफाई पर विशेष ध्यान देने, साथ ही संयुक्त टीम बनाकर नियमित जांच कराने के निर्देश मिले हैं। विद्युत विभाग को जिले में हाईटेंशन तारों की निगरानी और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक सुधारात्मक कार्य करने के निर्देश दिये गए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को यातायात बाधित न हो इसके लिए पाइपलाइन बिछाने में विशेष सावधानी बरतने का आदेश दिया गया। वनमण्डलाधिकारी ने समस्त वनग्रामों के नदी, नाला, मैदान, वन, पहाड़, मंदिर, बस्ती आदि की स्थिति को दर्शाने वाला नवीन नक्शा तैयार करने हेतु पटवारी, बीटगार्ड और तहसीलदार को निर्देशित किया है, जिससे राजस्व अभिलेखों में उचित दर्ज हो सके।कलेक्टर नेहा मारव्या ने सभी अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने और समय-सीमा का कड़ाई से पालन करने का आग्रह किया ताकि जिले का विकास सुचारू रूप से हो सके।

# कदमटोला में नल-जल योजना कार्य में घोर लापरवाही

**नेशनल हाईवे पर फैली मिट्टी से युवक घायल**

**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।** ग्राम पंचायत कदमटोला में 'हर घर नल-जल योजना' के तहत की जा रही खुदाई अब लोगों के लिए खतरा बनती जा रही है। ठेकेदार द्वारा पाइपलाइन बिछाने से पहले मिट्टी निकाली जा रही है, लेकिन वह मिट्टी अनियंत्रित रूप से नेशनल हाईवे 78 के किनारे और कई स्थानों पर सड़क के ऊपर तक फैला दी गई है। इस मिट्टी को हटाने या चेतावनी देने के लिए न तो कोई बोर्ड लगाया गया है, न ही बैरिकेडिंग की गई है और न ही रात के समय संकेत देने वाली कोई व्यवस्था की गई है। यह सीधी-सीधी लापरवाही है, जो अब दुर्घटनाओं का कारण बन रही है। बीती रात ग्राम निवासी शंकर महरा इस लापरवाही का शिकार हो गए। वह मोटरसाइकिल से लौट रहे थे, जब अंधेरे में उन्हें सड़क पर फैली मिट्टी नहीं दिखी और उनका वाहन फिसल गया। गिरने से उन्हें गंभीर चोटें आईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। शंकर की हालत अब स्थिर बताई जा रही है, लेकिन यह घटना पूरे गांव को हिला देने वाली है। ग्रामीणों का कहना है कि यह तो एक उदाहरण है,



लेकिन यदि यह स्थिति बनी रही तो आने वाले दिनों में किसी की जान भी जा सकती है। यह कार्य जिस तरह से किया जा रहा है, वह भारत सरकार के सड़क निर्माण और सुरक्षा से जुड़े सभी नियमों का खुला उल्लंघन है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार, किसी भी राजमार्ग या सार्वजनिक मार्ग पर निर्माण कार्य करते समय कार्यस्थल को पूरी तरह सुरक्षित करना अनिवार्य होता है। चेतावनी बोर्ड, बैरिकेड्स, रिफ्लेक्टर लाइट्स और रात के समय प्रकाश व्यवस्था जैसी सुरक्षा आवश्यकताएं पूरी न करना गैरकानूनी है। इसके अलावा, खुदाई से निकली मिट्टी को कभी भी मुख्य मार्ग पर इस तरह बिखेरना कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है। यह भी स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यदि निर्माण कार्य के कारण किसी व्यक्ति को चोट आती है या जान जाती है, और यदि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं हुआ है, तो संबंधित ठेकेदार और अधिकारी आपराधिक उत्तरदायित्व के दायरे में आएंगे। यह दुर्घटना न केवल मानव जीवन की उपेक्षा है, बल्कि यह सरकारी योजनाओं को लापरवाही के जरिए बदनाम करने जैसा कृत्य है। ग्रामीणों का गुस्सा अब बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि कई दिनों से यह स्थिति बनी हुई है, लेकिन न तो पंचायत और न ही प्रशासन की ओर से कोई सुध ली जा रही है। अगर यह अनदेखी जारी रही तो ग्रामीणों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। आज शंकर महरा घायल हुए हैं, लेकिन अगर प्रशासन और संबंधित विभागों ने अब भी ध्यान नहीं दिया, तो यह लापरवाही किसी मासूम की जान तक ले सकती है। यह खबर सिर्फ एक दुर्घटना काब्योरा नहीं, बल्कि एक चेतावनी है समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो इसकी कीमत किसी की जान से चुकानी पड़ सकती है।

# मासिक धर्म पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## निरोग नारी के अंतर्गत माहवारी स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम



प्रणाम नर्मदा युवा संघ के मिशन निरोग नारी अभियान के अंतर्गत अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ विकासखंड स्थित पंचायत भवन ग्राम खजूरवार में महावारी स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं और किशोरियों को माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा इससे जुड़े भ्रांतियों और मिथकों को दूर करना रहा।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों को माहवारी की जैविक प्रक्रिया, उचित स्वच्छता प्रबंधन, सैनिटरी नैपकिन का उपयोग एवं स्वच्छता से संबंधित सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही समाज में प्रचलित विभिन्न गलत धारणाओं और अंधविश्वासों के वैज्ञानिक समाधान प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत खजूरवार के सरपंच संतराम सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी योगिता धुर्वे, एएनएम सुशीला धुर्वे, आशा कार्यकर्ता यशोदा महोबे एवं प्रणाम नर्मदा युवा संघ के अध्यक्ष विकास सिंह चंदेल, सदस्य सचिन त्रिपाठी, नीलेश यादव, आकाश हरदहा सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं संयोजन प्रणाम नर्मदा युवा संघ के इंटर्न हरेंद्र प्रताप सिंह मरावी द्वारा किया गया। इस पहल को ग्रामीण समुदाय में अत्यंत सराहना मिली और महिलाओं ने खुले मंच पर अपने अनुभव साझा करते हुए इस प्रकार के आयोजन को नियमित रूप से किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

# 1 जून से नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होगा विशेष आधार कैंप

## कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा है कि जिले में आधार कार्ड में त्रुटियों एवं अपूर्ण जानकारी के कारण जिले के अनेक नागरिक शासन की विभिन्न कल्याणकारी एवं जनहितैषी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए 01 जून से जिले के सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष आधार पंजीयन एवं सुधार कैंप आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर ने जिला गवर्नेंस मैनेजर को निर्देशित किया कि 25 मई तक सभी नगरीय क्षेत्रों के वार्डों एवं ग्राम पंचायतों के अनुसार कैंप का विस्तृत कैलेंडर तैयार कर लिया जाए, जिससे प्रत्येक क्षेत्र में नियत तिथि पर कैंप आयोजित किए जा सकें। उन्होंने कहा कि इन कैंपों का संचालन पूर्णतः सुचारू, पारदर्शी एवं नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखकर किया जाए तथा अधिक से अधिक लोगों तक जानकारी पहुँचाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए।

# प्रदेश के 47 जिलों के 40 हजार बिजली आउटसोर्स को तीन माह बाद भी नहीं मिला 11 माह का एरियर

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** हाईकोर्ट बेंच इंदौर एवं श्रमायुक्त कार्यालय इंदौर द्वारा म.प्र. के आउटसोर्स श्रमिकों को वेतन पुनरीक्षण पश्चात बढ़े हुए न्यूनतम वेतन का 11 माह का एरियर दिये जाने के निर्देश तीन माह पूर्व ही जारी हो चुके हैं, जिसके मुताबिक प्रत्येक अकुशल आउटसोर्स श्रमिक को 18766 रू.,अर्द्धकुशल को 21615 रू.,कुशल को 25729 रू. एवं उच्च कुशल को 29601 रू.बोनस अंतर सहित एरियर दिया जाना चाहिए था,पर खेद की बात है कि पूर्व-पश्चिम-मध्य क्षेत्र बिजली कम्पनी में म.प्र. के 55 जिलों में से 47 जिलों के करीब 40 हजार बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों को करीब 150 करोड़ रू.का मिनिमम वेजेस एरियर अब तक मानव बल ठेकेदारों द्वारा भुगतान नहीं किया गया है।इस मामले में बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव एवं महामंत्री दिनेश सिसोदिया ने अपर मुख्य सचिव,ऊर्जा विभाग सहित श्रमायुक्त इन्दौर एवं अध्यक्ष मानव अधिकार आयोग को लिखित शिकायत की है। श्री भार्गव ने कहा कि जिन चंद 8 जिलों मेंआधा-अधूरा मिनिमम वेजेस मिला है,उनमें मध्य क्षेत्र में भोपाल सिटी व श्योपुर,पश्चिम क्षेत्र में इंदौर ग्रामीण,बड़वानी और मंदसौर पूर्व क्षेत्र में छिन्दवाड़ा, छतरपुर व जबलपुर शक्ति भवन मुख्यालय शामिल हैं। इन इलाकों को छोड़कर शेष सभी 47 जिलों के आउटसोर्स बोनस अंतर सहित एरियर राशि पाने से वंचित हैं।

**खबर संक्षेप**

## यशिका का सुयश



**तेंदूखेड़ा** विगत दिनों घोषित हुए परीक्षा परिणामों में कक्षा 12वीं की छात्रा यशिका रामजे ने सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल करते हुए स्कूल में 94.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए अपने परिवार और संस्था का नाम रोशन किया है। यशिका वरिष्ठ शिक्षक जयप्रकाश कोष्टी की भतीजी और कृषि उपज मंडी में पदस्थ प्रकाश कोष्ठी की सुपुत्री हैं। यशिका की इस सफलता पर सभी शुभचिंतकों व परिवार जनों ने शुभकामनाएं दी हैं।

## मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत नवीन आवेदन आमंत्रित

**सिवनी।** महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी में युवाओं के लिये स्वयं का उद्योग/सेवा/व्यवसाय स्थापित करने के लिये मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का वर्ष 2025-2026 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु samast.mponline.gov.in में ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

उन्होंने बताया कि परियोजना लागत उद्योग (विनिर्माण) [Manufacturing] इकाई के लिये राशि रूपये 50 हजार से 50 लाख तक एवं सेवा व्यवसाय हेतु रूपये 50 हजार से 25 लाख तक। आवेदक की आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष होना चाहिए। शैक्षणिक योग्यता 8 वीं कक्षा उर्तीण,। परिवार की वार्षिक आय 12 लाख से अधिक न हो। परिवार से आशय यह है, कि आवेदक के अविवाहित होने पर आवेदक स्वंय एवं उसके माता पिता से है अथवा यदि आवेदक के विवाहित होने पर पति पत्नि एवं आश्रित बच्चों से है। यदि आवेदक का परिवार आयकर दाता है, तो पिछले 3 वर्षों की आयकर विवरण आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। आवेदक स्वयं किसी बैंक अथवा किसी वित्तीय संस्था से डिफाल्टर न हो तथा वर्तमान में आवेदक राज्य अथवा केन्द्र सरकार की किसी अन्य स्वरोजगार योजना का हितग्राही न हो। इस योजनांतर्गत सभी वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित / शेष ऋण पर 3 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 7 वर्षो तक (मोरेटोरियम अवधि सहित) दिया जायेगा। तथा जिस अवधि के दौरान हितग्राही का ऋण NPA बना रहता है उस अवधि के लिये कोई ब्याज अनुदान स्वीकार नही होगा। ब्याज अनुदान की राशि प्रतिपूर्ति के रूप वार्षिक आधार पर प्रदान की जायेगी। गारंटी फीस प्रचलित दर से अधिकतम 7 वर्षो तक (मोरेटोरियम अवधि सहित)। मुख्यमंत्री उद्यम कांति योजना में उद्योग, (विनिर्माण) सेवा, व्यवसाय क्षेत्र की समस्त परियोजनाएं CGTMSE अंतर्गत बैंक गांरटी के लिये पात्र है। अधिक जानकारी के लिये जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी से सम्पर्क किया जा सकता है।

# उपनिषदों और सम्पूर्ण वेदों का सार ग्रंथ है गीता

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**

गीता हमारे जीवन का मार्ग प्रशस्त करती है। निष्काम कर्म सहित परामात्मा की भक्ति से हमें जोड़ती है। बरिया बारे हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अध्याय 14ष्गुण त्रय विभाग योगष्पर व्याख्यान देते हुए आध्यात्मिक विज्ञान चेतना केन्द्र नरसिंहपुर प्रमुख दामोदर दास गोस्वामी ने सत तम और रज गुण सहित गुणातीत बिषय पर प्रकाश डालते हुए लोगों को गीता के पाठ और अध्ययन की प्रेरणा दी। वरिष्ठ साहित्यकार ओज कवि अशोक त्रिपाठी ने ष्अव्यभिचारी भक्ति योगष्को समझाते हुए कहा कि हमें सर्वशक्तिमान परमात्मा को अपना स्वामी मानकर अपने विकार त्यागकर श्रृद्धा प्रेम से परिपूर्ण होकर सदैव परमात्मा का चिंतन मनन और उनका अनुसरण करना चाहिए।गीता उपनिषदों वेदों और ग्रंथों का सार है। शिक्षाविद गुरुवर एम एल हरदेनिया ने कहा कि गीता तो कर्म भक्ति अध्यात्म और ज्ञान काअमृत है जिसके निरंतर पान की जरूरत है।पं.गणेश कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि गीता के निरंतर सत्संग से अनंत ऊर्जा मिलती हैऔर विचारों को सकारात्मकता मिलती है।भक्ति कोअनुराग मिलता है।पं.यू एस उपाध्याय ने कहा कि गीता के चिंतन में गहराई है और नित नये प्रसंग हमारे जीवन मूल्यों को संवारते हैं।पं.सी बी शर्मा ने निरंतर सत्संग करते हुए गीता अमृतवाणी को जीवन में अमल लाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में डा केदार गुप्ता डी सी साहू विजय शर्मा हरिश्चंद्र साहू अशोक वर्मा बबलू नेमा राजेन्द्र सिंह राय प्रेमशंकर राघव पं.राजेश दुबे अरुण कुमार खरे देवेन्द्र दुबे आर के पटेल आर के मेहरा बी एस मेहरा अशोक गुप्ता सहित अनेक वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

# जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में 22 मई लगाया जायेगा महिला एवं पुरूष नसबंदी शिविर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत आवश्यकता पूर्ति के लिए जिले में माह मई 2025 में जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में महिला एवं पुरूष नसबंदी- एनएसव्हीटीध्‍ एलटीटी फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल चिन्हांकित किया गया है। फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल पर नियमानुसार मानकों के आधार पर सेवा दी जायेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि नरसिंहपुर जिला एवं जिले के बाहर के नसबंदी के हितग्राहियों के लिए 22 मई 2025 को जिला चिकित्सालय में महिला एवं पुरूष नसबंदी- एनएसव्हीटीध्‍ एलटीटी फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल चिन्हांकित किया गया है। शिविर स्थल पर मरीज का पंजीयन, शिविर के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी, जांच, पैथौलॉजी, ऑपरेशन, शिफटिंग एवं डिस्चार्ज समस्त व्यवस्थायें एवं आवश्यक दवाईयां की व्यवस्था शहरी एवं स्वास्थ्य केन्द्र नरसिंहपुर द्वारा की जावेगी।

# लू- तापघात से बचाव के लिए एडवायजरी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**

*राज्य शासन के मप्र राज्य आपदा प्राधिकरण गृह विभाग द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में जिले के समस्त निर्माण विभाग एवं सभी ठेकेदारों से सभी कारखानों एवं संनिर्माण स्थलों पर लू- तापघात से श्रमिकों के बचाव के लिए आवश्यक जरूरी उपाय करना सुनिश्चित करने को कहा। श्रमपदाधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि सभी औद्योगिक एवं अन्य क्षेत्रों के कामगारों को लू से बचाव संबंधी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जावे। उद्योगों एवं अन्य क्षेत्रों के श्रमिकों के कार्य का समय आवश्यकतानुसार एवं सुविधानुसार परिवर्तन किया जावे। खेतों, बाजारों, उद्योगों, भवन निर्माण में कार्यरत श्रमिकों के कार्य स्थल पर शीतल पेयजल एवं आपात स्थिति के लिए पर्याप्त शेड की व्यवस्था की जावे।*

### मूंग खरीदी को लेकर असमंजस में किसान

# 15 दिनों में तैयार हो जायेगी उपज

**तेंदूखेड़ा ।** रवि मौसम की नगद मूल्य की कम समय में तैयार होने वाली फसल लगभग 15 दिनों में पक कर तैयार हो जायेगी। लेकिन इस वर्ष शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदे जाने को लेकर पंजीयन ना होने की स्थिति के चलते किसान असमंजस में है। समर्थन मूल्य में जहां उचित मूल्य मिल जाता है वहीं संपूर्ण उपज शासन सीधे खरीद कर लेता है। जबकि खुले में मनमाने दामों में खरीद होने से किसानों की फसल में लगने वाली लागत भी निकाल पाना मुश्किल हो जाता है। क्षेत्रीय कृषकों का कहना है कि अभी तक समर्थन मूल्य को लेकर पंजीयन प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है ऐसी स्थिति में खरीद होगी या नहीं असमंजस बना हुआ है।इसे लेकर कृषि विभाग द्वारा भी कोई स्पष्ट जानकारी भी नहीं दी है।





### मारुका इल्ली का रहा प्रकोप

मूलतः दवाईयों स्प्रे के माध्यम से तैयार होने वाली इस फसल में मारुका इल्ली का प्रकोप देखने को मिला।इल्ली फुंद्दी और कुकरा रोग के साथ साथ रस चूसक कीट से भी जहां तहां देखने को मिला है।प्रति एकड़ औसतन हजारों रुपए मूल्य की दवाईयां भी लगी है। लेकिन कुछ हलकों में इससे निजात मिला है।बाकी फसल के ग्रोथ को लेकर जो दवाईयां लगती है वही रही। चूंकि खेतों में लगी फसल को पर्याप्त मात्रा में पानी को लेकर मिलने वाली बिजली कटौती के चलते जरुर परेशानी रही। जमीनी जल स्तर काफी नीचे चले जाने के कारण पर्याप्त मात्रा में नोजल ना चल पाना चर्चाओं में बना रहा। लेकिन मौसम के बदलते मिजाज को लेकर तेज धूप और शाम के समय ठंडी हवाओं के चलते फसल को राहत रही।

### गर्मी का सोयाबीन उड़द भी तैयार

पिछले दो तीन साल से कृषकों ने गर्मी का सोयाबीन उड़द लगाना शुरू किया है। जिसमें आशा अनुरूप बगैर ज्यादा खर्च के अच्छा उत्पादन होने के साथ रेट भी अच्छे मिल गये थे।गन्ने के बीच इन दोनों फसलों को लगाना शुरू किया था। लेकिन बाद में किसानों ने अब सीधे बड़ी मात्रा में बोबनी की है।जो लगभग पककर तैयार हो गई है। किसानों ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि आने वाली 30 मई तक अधिकांश फसल कट जायेगी।

### इनका कहना है

इस बार मूंग खरीदी को लेकर ऊपर से कोई जानकारी नहीं आई है। और ना ही जो स्कीम दी जाती है उसके भी कोई आदेश प्राप्त नहीं हुये हैं। संभावना भी कम ही लग रही है। कीटनाशकों का ज्यादातर उपयोग होने के कारण खरीद पर असमंजस ही है। और यदि शासन स्तर से कोई जानकारी आयेगी तो सूचना सार्वजनिक की जायेगी।

**उमेश कटहरे**
उपसंचालक कृषि

## सांसद पहुंचे लोगों के सुख दुख में

**छिन्दवाड़ा।** तिरंगा यात्रा के समापन अवसर पर कपुर्दा पहुंचे सांसद बंटी विवेक साहू ने श्री षष्टी देवी सिद्ध पीठ माता मंदिर कपुर्दा में ध्‍ि- विधान से पूजा अर्चना करते हुए जिलेवासियों के लिए सुख- समृद्धि की कामना की। वहीं चौरई में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता सुनील वात्सल्य के निवास स्थान पहुंचकर उनसे मुलाकात की और उनका हाल-चाल जाना। वही धर्मो रक्षति रक्षितः का पालन करने वाले सांसद श्री साहू ने सोनपिपरिया में माता रानी के मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की। इसके पूर्व सांसद श्री साहू सिवनी प्राणमोती में स्वर्गीय चौधरी निरंजन सिंह के श्रद्धांजली कार्यक्रम में पहुंचे और भगवान से प्रार्थना की कि वे स्वर्गीय चौधरी निरंजन सिंह को अपने श्री चरणों में स्थान देते हुए उन्हें मोक्ष प्रदान करे इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व विधायक रमेश दुबे, जिला पंचायत सदस्य एवं विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बबलू पटेल, चांद नगर परिषद अध्यक्ष ठाकुर दानसिंह, मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह ठाकुर, विजेन्द्र ठाकुर, मदन राय, धरमिंसह वर्मा, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नीरज बंटी पटेल, भाजपा अल्पसंख्यक जिला मोर्चा अध्यक्ष रिजवान कुरैशी, जितेन्द्र राय, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष वीरपाल इवनाती, चौधरी पराग सिंह, चौधरी गजेन्द्र सिंह, चौधरी नरेन्द्र सिंह, चौधरी बोध सिंह, चौधरी गजेन्द्र सिंह, चौधरी अनील सिंह, चौधरी राजेश सिंह, चौधरी सत्यप्रकाश सिंह सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# सेना के शौर्य ने दुश्मनों को नेस्तनाबूद किया : बंटी

### चांद, पांजरा, चौरई, कुंडा और कपुर्दा में निकाली गई तिरंगा यात्रा में शामिल हुए सांसद



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के उपरांत और आतंकवाद पर विजयश्री हासिल करने के बाद देश भर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी के तहत सांसद बंटी विवेक साहू के नेतृत्व में जिले भर में तिरंगा यात्रा निकल रही है। रविवार को कोयलांचल क्षेत्र में विशाल तिरंगा यात्रा निकालने के बाद सोमवार को चौरई के विधानसभा क्षेत्र में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ चांद के शासकीय कॉलेज में स्थित ग्राउंड से किया गया। यह यात्रा चांद से होते हुए पांजरा, चौरई, कुंडा और कपुर्दा पहुंची। कपुर्दा में राष्ट्रगान के साथ तिरंगा यात्रा का समापन किया गया। इस दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने विजयश्री हासिल की है। प्रधानमंत्री द्वारा सेना को खुली छूट दी गई थी। जिसका परिणाम रहा है कि भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में घुसकर आतंक के हर ठिकाने को नेस्तानाबूत कर तिरंगे का परचम लहराया। हमें हमारी सेना पर गर्व है। हमारी सेना ने एक बार फिर अपनी वीरता, शौर्यता और पराक्रम का परिचय दिया है। हमारी सेनाओं के पराक्रम से हमें गर्व की अनुभूति होती है।

# लंबित रखने पर संबंधित अधिकारी का रुकेगा वेतन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा**


कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम कार्यालय, सीएम हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। साथ ही विभिन्न समसामयिक एवं अंतर्विभागीय मुद्दों पर भी चर्चा की और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

**28 मई को मुख्यमंत्री डॉ. यादव का दौरा प्रस्तावित-** कलेक्टर श्री सिंह ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का 28 मई को तामिया विकासखंड की ग्राम पंचायत छिंदी में का दौरा कार्यक्रम प्रस्तावित है।

उन्होंने समस्त जिला अधिकारियों को इस दौरे की तैयारी पूर्ण सजगता और समन्वय से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के करकमलों से अधिक से अधिक क्षेत्र के हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए सभी विभाग तैयारी कर लें। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी, 'सिकल सेल' रोग से संबंधित स्वास्थ्य शिविर, होम स्टे योजनाओं की प्रदर्शनी एवं जनजातीय समाज द्वारा लोकनृत्य प्रस्तुतियों के आयोजन की भी तैयारी प्रारंभ कर दें। उन्होंने अधिकारियों को समस्त कार्यक्रमों की बारीकी से तैयारी सुनिश्चित करने को कहा।

कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश सभी विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने बताया कि हेल्पलाइन प्रकरणों की ग्रेडिंग रिपोर्ट किसी भी समय जारी हो सकती है, अतः सभी अधिकारी आज प्राथमिकता के आधार पर अधिक से अधिक शिकायतों का संतोषजनक समाधान सुनिश्चित कराएं।

# डिफेंस के सदस्यों का किया गया सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरुदत्त शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाए जाने हेतु आमजन को प्रेरित किया जा रहा है, एवं यातायात व्यवस्था को महत्वपूर्ण आयोजनों के दौरान सुगम बनाने हेतु पुलिस का सहयोग करने वाले नगररक्षकों/सिविल डिफेंस के सदस्यों को सम्मानित किया जा रहा हैं।

विगत वर्ष विभिन्न विभिन्न त्योहार पर्वों पर यातायात व्यवस्था में थाना यातायात का सहयोग करने वाले नगर रक्षक समिति के सदस्यों को पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा पुलिस लाइन सिवनी में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित सदस्यों में प्रेरणा जंघेला, गीताजंली यादव, देव सराठे, अंकित विश्वकर्मा, मनीष सूर्यवंशी, खुशी असाटी, विशाखा रजक, शीतल बघेल, जितेंद्र ब्रह्मे एवं प्रशांत उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा नगर रक्षक सदस्यों को जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु अनुशासन को जीवन में अपनाने एवं लगन से मेहनत करने हेतु अभिप्रेरित किया गया। इसके साथ ही उन्हें अपनी ओर से आवयश्क सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरुदत्त शर्मा, नगर पुलिस अधीक्ष पूजा पांडे, रक्षित निरीक्षक प्रवीण नायडू, थाना प्रभारी यातायात विजय बघेल उपस्थित रहे।

## बुटिक में आग लगने से 5 लाख का सामान खाक



**पांढुर्ना।** स्थानीय शंकरनगर क्षेत्र के दिव्य दिशा बुटिक एवं पार्लर में कल देर रात्रि शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई। इस दुर्घटना में लगभग 5 लाख रू. की सामग्री जलकर खाक होने की जानकारी संचालिका पुष्पा बोबडे ने दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस घटना में रेडीमेड कपडे, सिलाई के लिए महिलाओं द्वारा दिया गया ड्रेस मटेरियल, मशीनरी, साडियां, पार्लर के उपकरण तथा सजावट का फर्निचर जल गया है। जब आग की लपटें पडोसियों ने देखी तब उन्होंने तब सचालिका को इस दुर्घटना की जानकारी मिली।

## रामाकोना उपसरपंच ने कनिष्ठ अभियंता को हटाने सौंपा ज्ञापन

**रामाकोना।** सोमवार को ग्राम पंचायत उपसरपंच के द्वारा मुख्य अभियंता विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंपते हुए रामाकोना में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता म.प्र. विद्युत मण्डल ग्राम रामाकोना के द्वारा कार्य में लापरवाही ग्रामिणों से वाद विवाद आदि कार्य को लेकर स्थानांतरण एवं कार्रवाही करने की मांग की है,एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए उपसरपंच संतोष चौधरी ने बताया कि ग्राम रामाकोना विद्युत मण्डल में कनिष्ठ अभियंता रामाकोना 4 वर्ष से पदस्थ है। उनकी लापरवाही के कारण ग्राम रामाकोना जनसेवा कार्यक्रम में मुख्यमंत्री म.प्र. शासन के कार्यक्रम में लापरवाही के कारण इन्हें कलेक्टर महोदय छिन्दवाड़ा द्वारा निलबन किया गया था।ग्राम रामाकोना के ग्रामिनो द्वारा घरेलु कनेक्शन मागने पर भी उन्हे अनदेखी कर शासन की योजना का लाभ नही दिया जाता है जिससे ग्रामिण जनता अलग मिटर नही ले पा रहे है,ग्रामिण जंन विद्युत मण्डल रामाकोना में जाकर अपने परिवार से अलग एवं ग्राम पंचायत रामाकोना द्वारा एन.ओ.सी. देने पर भी विद्युत कनेक्शन नही दिया जाता है।

# मनुष्य के अंदर अधिक महत्वाकांक्षाओं का होना भी प्रभु भक्ति से दूर ले जाता है-महाराज



**हरिभूमि न्यूज। कहानी।** नगर कहानी में जारी श्रीमद् भागवत महापुराण के चतुर्थ दिन व्यासपीठ में विराजित जगद्गुरु डॉक्टर स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी महाराज के द्वारा विभिन्न चरित्रों का वर्णन भागवत में उल्लेखित अनुसार किया गया विभिन्न हास्य सामाजिक धार्मिक जुमलो से ओतप्रोत कथा को विस्तार देते हुए चतुर्थ दिन के अंतिम चरण में श्री कृष्ण जन्म जन्म महोत्सव मैं श्रोता गण भाव विभोर होकर जमकर झूमेनिर्मल मन जन सो मोहि पावा मोहि कपट छल छिद्र न भावा जगद्गुरु डॉक्टर नर्सिंग देवाचार्य जी महाराज जी के मुखारविंद से कहानी में श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस कथा के दौरान बताया कि भगवान कहते हैं मेरी भक्ति तो करते हो मुझे हृदय में विराजित देखना चाहते हो तो सर्वप्रथम अपने हृदय का मेल अलग करो तो जिज्ञासु भक्त ने भगवान से प्रश्न किया कि प्रभु आप कृपा कर बताइए कि मेरे अंदर मेल क्या है भगवान ने कहा मेल हम बताते हैं तुम्हारे अंदर जो काम क्रोध लोभ मोह ईर्ष्या द्वेष जलन छल कपट इत्यादि जो भरा हुआ मेल है वह अलग कर दो क्योंकि मुझे भक्तों का निर्मल हृदय चाहिए उल्लिखित यह सब नरक के पंथ हैं यदि हृदय में इतने सारे पदार्थों को भरे हैं तो भगवान का आना असंभव है तो भगवान ने विधि बतलाई कि मुझे कैसे पा सकते हो यही प्रयत्न करके हम उस परमपिता परमेश्वर को अपने हृदय में विराजमान कर सकते हैं मनुष्य के अंदर अधिक महत्वाकांक्षाओं का होना भी प्रभु भक्ति से दूर ले जाता है इसलिए मानव को अपने जीवन में सीमित महत्वाकांक्षाएं लेकर प्रभु की भक्ति पूरी तन्मयता से करनी चाहिए ज्ञात होवे कि श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 13/5 से 20/5 तक मनोज गोलानी मुकेश गोलानी एवं परिवार के द्वारा स्वर्गीय अंबिका प्रसाद गोल्हानी जी की स्मृति में संपन्न कराया जा रहा है।

# डूण्डासिवनी पुलिस ने कॉम्बिग गश्त में पकड़े फरार 08 गिरफ्तारी एवं 02 स्थायी वारंटी पुलिस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे फरार आपराधियो की धर पकड़ हेतु कॉम्बिग गश्त के पालन में दिनांक 17/05/2025 एवं 18/05/2025 की दरमियानी रात थाना स्टाफ व्दारा अलग अलग टीम बनाकर फरार अपराधियो की धर पकड़ की गई जिसमें निम्नांकित फरार अपराधियो को पकड़कर माननीय न्यायालय सिवनी पेश किया गया। गिरफ्तार वारंटी मे विजय पिता मानसिंह मर्सकोले निवासी छिंदीटोला (2) झामसिंह पिता हरेसिंह कुंजाम निवासी छिंदीटोला (3) गणेश पिता जीवनलाल पटले निवासी छिंदीटोला (4) मुकेश पिता श्मलाल पटले निवासी चीचबंद (5) राधेश्याम पिता तिजई धुर्वे निवासी गौशाला बंजारी (6) राजेन्द्र पिता हरेसिंह कुंजाम निवासी छिंदीटोला (7) आमीर पिता हसीब खान निवासी जनता नगर के दो वारंट (8) बलवंत पिता बाबूलाल ठाकुर निवासी आमाझिरिया स्थायी वारंटीः-(1) आसिफ पिता अब्दुल खान निवासी दरोगा मोहल्ला वार्ड न.18 थाना कोतवाली सिवनी (2) आकाश उर्फ विक्की पिता रामकिशोर वंशकार उम्र 31 साल निवासी नेर थाना कुंडीपुरा जिला छिंदवाडा (म.प्र)। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक सतीश तिवारी, उपनिरी. मनोज जंघेला, सउनि. संजय बघेल. सउनि. निसार अहमद, प्र. आर. सुजानसिंह बघेल, प्रआर. सुंदर श्याम, प्र. आर. मुकेश गोंडाने, प्र. आर. संजू उईके, आर. रोहित रघुवंशी, आर. एजाज खान, आर. हिमेन्द्र सहारे, आर. अकलेश माहोरे, आर. अंशुमन राजपूत, आर. जितेन्द्र बघेल, सैनिक मो. वकील खान का सराहनीय योगदान रहा।

## राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार ऑनलाईन आवेदन की संशोधित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले से शिक्षकों द्वारा पर्याप्त संख्या में राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार 2025 हेतु ऑनलाईन आवेदन नहीं किये गये है जिसके कारण लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र.भोपाल के द्वारा निर्धारित समावधि में 15 दिवस की वृद्धि की गई है। अतः राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार हेतु विमर्श पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन एवं नामांकन एवं शिक्षक द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यो/पाँच वर्ष के परीक्षा परिणाम को अपलोड करने की संशोधित तिथि दिनांक 15 अप्रैल से 30 मई 2025 तक निर्धारित की जाती है। शेष निर्देश यथावत रहेगें।

## गांव जा रहे दो राहगीरों को बाइक ने मारी टक्कर,चालक समेत तीन घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले के घंसौर थाना क्षेत्र के केवलारी गांव के पास रविवार रात को घंसौर से पहाड़ी गांव जा रहे दो राहगीरों को पीछे से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों में पवन तेकाम, रोहित परते और कन्हैया कुसराम शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दो घायलों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।लोग कर रहे लापरवाही घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। दुर्घटना वाली जगह पर आमतौर पर लोगों और वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। पुलिस लगातार लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील कर रही है, लेकिन लोग लापरवाही बरत रहे हैं।